जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 58 | अंक-34 | जयपुर, सोमवार, 22 अगस्त, 2022 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## चौमूं का इतिहास

गतांक से आगे.....



भाग 16

वास्तव में वह उस जमाने के राजा टोडरमल थे और अपने कामों को आदर्श कर गए थे। चौमूंगढ़ के अंदर उनका बनवाया हुआ सीतारामजी का शिखरबद्ध विशाल मंदिर है और वह उनकी सत्कीर्ति का स्मरण कराता है।

जयपुर के नगर निर्माण के कार्यों में चौमूं के ठाकुर मोहनसिंह और जयपुर के दीवान विद्याधर का विशेष योगदान रहा। मोहनसिंह ने जयपुर के उत्तरी भाग में अपनी हवेली बनवायी और उस क्षेत्र को विकसित किया। उनके बाद जयपुर के अन्य सरदारों ने भी हवेलियां बनवायी। मोहनसिंह सरल बर्ताव वाले औजस्वी सरदार थे और उनका जमाना भी सरल-सुलभ या सस्ता था। किसी भी देश का कोई भी शत्रु उन पर सहसा हमला नहीं कर सकता था और वे अपने नियमित या परिमित खान-पान पहरान या व्यवहारादि से संतुष्ट रहकर शांति के साथ समय बिताते थे और जब कभी बादशाहों आदि की आपत्तियां आतीं तो उनको अपनी साहस पूर्ण वीरता के प्रभाव से बच्चों के खेल की तरह हवा में उड़ा देते थे। उन दिनों के 4 आदमी, 1 बैल और 1 घोड़ा सिर्फ 6 आने में अच्छी खुराक खाकर मौज उड़ाते थे और सर्वसाधारण दो पैसे में भरपेट भोजन करके मस्त हो जाते थे। सस्ते भाव होने से ही उन दिनों में चौमूं के विशालकाय महल मकान कोटे परकोटे या नहर आदि बन थे।



प्रिंस कुमार उप्पल (मुद्राशास्त्री) निदेशालय,पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग-जयपुर

शेष अगले अंक में

## सुबोध पब्लिक स्कूल में हुआ एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन



**जयपुर (हमारा वतन)।** जयपुर रामबाग स्थित सुबोध पब्लिक स्कूल में शिक्षा मंत्रालय इनोवेशन सेल और सीबीएसई के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । सुबोध पब्लिक स्कूल रामबाग की प्रिन्सिपल कमलजीत यादव ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत एआई, डिजाईन थिंकिंग, समग्र स्वास्थ्य, जैविक जीवन, पर्यावरण शिक्षा और वैश्विक नागरिकता शिक्षा को शामिल किया गया है , इसके सन्दर्भ में कार्यशाला आयोजित की गई। डिजाइन थिंकिंग एंड इनोवेशन, जिसमें भारत के जानेमाने कई स्पीकर और रिर्सोस पर्सनस, शिक्षाविद् ने भाग लिया। जिन्होंने अपना ज्ञान और अनुभव साझा किया। कार्यशाला में देश के करीब 85 प्रतिभागियों ने भाग लिया । कार्यशाला में प्रिन्सिपल, वाइस प्रिन्सिपलस, एचओडी, सीबीएसई इनोवेशन एम्बेसेडर सम्मिलित हुए।

कार्यशाला में छात्रों में डिजाईन थिंकिंग इनोवेशन किस तरह से बढ़ाया जाए को लेकर डिजाइन थिंकिंग, इन्ट्रेक्टीव वर्कशॉप, एक्सपोजर टू द टीचर्स मेन्वल, ग्रेड करिकूलम आदि विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ उपस्थित सहभागियों से करवाई गई। स्पीकर्स में डॉ. सोनल यादव, मिनिस्टरी एजुकेशनस इनोवेशन सेल , पराजकता कुलकर्णी, प्रोफेसर रवि पूव्वईया सीनियर फेक्लटी मेम्बर, आईडीसी स्कूल, आईआईटी, मुम्बई, रूपा चक्रवती, हरीश संधुजा डायरेक्टर ऑफ द श्री राम एसपन लीडरशिप स्कूल रहे । मीडिया प्रभारी राखी शुक्ला भी मौजूद रही ।

## संतों की तपोस्थली बांसा गांव में हुआ विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन



**चौमूं (हमारा वतन)।** 15 अगस्त की पूर्व संध्या पर संतो की तपोस्थली बांसा गांव में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें भाग लेने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा । तिरंगा यात्रा के व्यवस्थापक और 2018 के विधायक प्रत्याशी रहे रविकांत शर्मा ने बताया कि तिरंगा यात्रा अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य के सानिध्य में आयोजित की गई । देशभक्ति के इस पर्व में तिरंगे और सैनिकों के सम्मान में ग्राम की जनता में उत्साह और उमंग देखने को मिली । इस दौरान ग्रामीण और जनप्रतिनिधियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । ड्रोन द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया । तिरंगा यात्रा में विधायक रामलाल शर्मा, ईटावा साईं मंदिर मंदिर महंत और पूर्व सैनिक कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ,छुट्टन यादव , शंकर गौरा, मंडल अध्यक्ष बासा श्रीराम पंचोली, गुलाब चंद लांबा, मुकेश शर्मा पीसीसी सदस्य, फतेहपुरा सरपंच बाबूलाल गुर्जर , पूर्व पार्षद बाबू लाल , पूर्व सरपंच ओम प्रकाश गुर्जर, विजय बलेसरा अध्यक्ष सहकारी समिति फतेहपुरा, डॉ.राजा भोज ने शिरकत की । तिरंगा यात्रा के संयोजक राकेश धनवालिया, अनिल बोहरा, व्यवस्थापक विवेक शर्मा ,कमल मिश्रा, माली राम जाट, अवधेश मक्की, शशीकांत मिश्रा, सह संयोजक राम लाल शर्मा,राकेश शर्मा,श्रवण बोहरा, ज्ञान प्रकाश शर्मा, राजीव शर्मा , लोकेश शर्मा , सुरेश गैसका ,विमलेश मक्की, आचार्य विकास शास्त्री रहे ।



## सामाजिक सरोकार के कार्य कर मनाया जाएगा रविकांत शर्मा का जन्म दिवस

**जयपुर (हमारा वतन)।** 2018 विधानसभा चुनाव के विधायक प्रत्याशी, समाजसेवी और एमडीएफसी बैंक के सीईओ रविकांत शर्मा का 31वाँ जन्म दिवस समाज सेवा के कार्य कर मनाया जाएगा ।

समाजसेवी रविकांत शर्मा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य की प्रेरणा से 23 अगस्त को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फतेहपुरा बांसा में वृक्षारोपण और पेड़ वितरण किया जायेगा । फतेहपुरा बांसा स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरण किया जायेगा । इस के बाद जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया जाएगा ।

## न मिला (कविता)



सिद्धार्थ गोरखपुरी

एक उम्र खरच कर कुछ न मिला
तुमको क्या पता सचमुच न मिला
क्या हुआ है कोई धरती पर
के जिसको थोड़ा भी दुःख न मिला
अपार हर्ष के साथ सहर्ष
निज आगमन को स्वीकार किया
कुछ ही सपनों का जीवन में
फिर से जीर्णोद्धार किया
धीरज को जेहन तक ले जाए
ऐसा कोई सम्मुख न मिला
क्या हुआ है कोई धरती पर
के जिसको थोड़ा भी दुःख न मिला
जीवन में हर दिन बाधा लेकर
कभी पूरा तो कभी आधा लेकर
आदमी सुखी रहा है कभी?
कम या थोड़ा ज्यादा लेकर
आदमी कभी तृप्त हुआ ही नहीं
फिर कैसे कहे के कलुष न मिला
क्या हुआ है कोई धरती पर
के जिसको थोड़ा भी दुःख न मिला
आदमी क्या कभी निर्विवाद रहा
क्या जीवन भर वो आबाद रहा
जिसे भूल गया उसे याद किया
जो भूल गया उसे याद रहा
फिर जीवन भर ये खेल चला
और मानुष को भल मानुष न मिला
क्या हुआ है कोई धरती पर
के जिसको थोड़ा भी दुःख न मिला

## आओ कन्हैया



डॉ. योगिता जोशी अनुप्रिया,जयपुर

आओ कन्हैया
बुला रही तेरी गोपियां
सुन लो हमारी
पुकार कन्हैया
आओ कन्हैया
बुला रही तेरी गैया
मुरली की धुन पर
नाचे कन्हैया
आओ कन्हैया
बुला रही तेरी मैया
दे रही दुहाई
ना सताओ कन्हैया
आओ कन्हैया
शब्द नहीं कहने को पास मेरे
भावों में मेरे तुम
रम जाना कन्हैया
आओ कन्हैया
सुन लो मेरी विनती
जीवन पथ पर मार्ग
प्रशस्त करना कन्हैया
आओ कन्हैया
कई है द्रोपदी यहां
उनका चीर
लंबा कर दो कन्हैया

## जॉब्स

1. बीएसएफ, पद हेड कांस्टेबल, एएसआई, पद संख्या 323, अंतिम तिथि 30 अगस्त 2022
2. भारतीय नौसेना, पद ट्रेड्समैन मेट, पद संख्या 112, अंतिम तिथि 6 सितंबर 2022
3. एसएससी, पद स्टेनोग्राफर ग्रेड सी व डी, पद संख्या अघोषित, अंतिम तिथि 5 सितंबर 2022
4. एसएससी, पद जूनियर इंजीनियर, पद संख्या अघोषित, अंतिम तिथि 2 सितंबर 2022
5. एसएससी, पद दिल्ली पुलिस एसआई, पद संख्या 4300, अंतिम तिथि 30 अगस्त 2022
6. राजस्थान हाई कोर्ट जोधपुर, पद जूनियर असिस्टेंट व क्लर्क, पद संख्या 2756, अंतिम तिथि 22 सितंबर 2022
7. इंडियन आर्मी, पद अग्निवीर लड़कियों के लिए, पद संख्या अघोषित, अंतिम तिथि 7 सितंबर 2022
8. आइटीबीपी, पद कॉन्स्टेबल कारपेंटर व प्लंबर, पद संख्या 113, अंतिम तिथि 17 सितंबर 2022



सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
हर घर तिरंगा



AIIMS
BHABHA ATOMIC RESEARCH CENTRE
APSARA NUCLEAR REACTOR
ONGC
IIT
INDUSTRIAL REVOLUTION
IIM
NON-ALIGNED MOVEMENT
BHAKRA NANGAL DAM
ISRO (INCOSPAR)
DRDO

# अब तिरंगा फहरा दिया है, ये झुकना नहीं चाहिए

**पंडित जवाहरलाल नेहरू**
(31 दिसंबर, 1929, रावी नदी के तट पर, काँग्रेस के लाहौर अधिवेशन में)

**सभी राजस्थानवासियों तथा देशवासियों को**

# स्वतंत्रता दिवस

**की हार्दिक शुभकामनाएं**



"तिरंगा हमारे देश के सभी धर्मों, जातियों, वर्गों और क्षेत्रों के सम्मान के साथ सामाजिक समरसता और विभिन्नता में एकता का प्रतीक है और यही हर भारतीय की पहचान होनी चाहिए। आज़ादी के 75 वर्षों में किए अनेक विकास कार्यों में हमारे हाथ से इन मूल्यों का साथ कभी नहीं छूटा। आइए, तिरंगे का सही अर्थों में मान बढ़ाएं, इसके मूल सिद्धांतों को अपनी पहचान बनाएं।"

**अशोक गहलोत**, मुख्यमंत्री

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान**

राजस्थान संवाद

राजस्थान सरकार

# R-CAT
## राजीव गांधी सेंटर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी



"पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री राजीव गांधी ने आइ.टी. की क्षमता और महत्त्व को समझ कर लगभग तीन दशक पहले देश में आइ.टी. के गौरवशाली युग की नींव रखी। आइ.टी. को मज़बूत करने की इस सोच के साथ उन्हीं की जयंती पर राजीव गांधी सेंटर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी का उद्घाटन करते हुए मुझे बहुत खुशी है। इस सेंटर से राज्य में आइ.टी. आधारित शिक्षा मज़बूत होगी और युवाओं को एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विश्व-स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे।
श्री राजीव गांधी को उनकी 78वीं जयंती पर शत् शत् नमन।"

**अशोक गहलोत**
मुख्यमंत्री, राजस्थान

जयपुर में विश्व-स्तरीय आइ.टी. फ़िनिशिंग स्कूल

## राजीव गांधी सेंटर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (R-CAT)

का माननीय मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा
श्री राजीव गांधी की जयंती दि. 20 अगस्त 2022 को शुभारम्भ किया गया

राजस्थान संवाद

### एडवांस्ड तकनीकों की ट्रेनिंग

- आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (AI)
- साइबर सिक्योरिटी
- इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT)
- ऑगमेंटेड रियलिटी/वर्चुअल रियलिटी
- मशीन लर्निंग (ML)
- रोबोटिक्स
- बिग डेटा एनालेटिक्स
- ब्लॉक चेन

### विश्व-स्तरीय सुविधाएं व संसाधन

- विश्वविख्यात आइ.टी. कंपनियों द्वारा संचालित व सर्टिफ़ाइड कोर्सेज़
- अत्याधुनिक उपकरणों से युक्त विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर
- अनुभवी फ़ैकल्टी व मेंटर्स
- लाइव प्रोजेक्ट्स पर अनुभव हासिल करने का अवसर






दुनिया की अग्रणी आइ.टी. कंपनियों द्वारा ट्रेनिंग व सर्टिफ़िकेशन

sas ○ ORACLE ○ vmware
AUTOFINA ROBOTICS ○ CISCO ○ Red Hat

R-CAT, पुराना सूचना केंद्र, SMS अस्पताल के पास, जयपुर

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, राजस्थान

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# इंसाफ की धज्जियां

सुप्रीम कोर्ट ने, केस के मेरिट में गए बगैर, राज्य सरकार से कहा था कि वह इस मामले में 1992 की अपनी माफी नीति के आधार पर फैसला करे जो इन्हें सजा सुनाते समय लागू थी। यह नीति आजीवन कारावास की सजा भुगतते हुए जेल में 14 साल पूरा कर लेने वाले कैदियों की रिहाई की इजाजत देती है। लेकिन नीति जो भी गुंजाइश छोड़ती हो गुजरात सरकार को फैसला अपने विवेक से करना था।दो दिन की चुप्पी के बाद बुधवार को आखिर गुजरात के एक बहुचर्चित गैंगरेप केस की विक्टिम ने बयान जारी कर कहा कि रेपिस्टों को रिहा करने के फैसले ने इंसाफ में उसके यकीन को हिला दिया है।



राम गोपाल सैनी

यह 2002 के गुजरात दंगों से जुड़ा मामला है जिसमें सामूहिक हत्या और गैंगरेप के 11 अपराधियों को राज्य सरकार की माफी नीति के तहत जेल से मुक्त कर दिया गया। वैसे यह बात सही है कि सुप्रीम कोर्ट ने, केस के मेरिट में गए बगैर, राज्य सरकार से कहा था कि वह इस मामले में 1992 की अपनी माफी नीति के आधार पर फैसला करे जो इन्हें सजा सुनाते समय लागू थी। यह नीति आजीवन कारावास की सजा भुगतते हुए जेल में 14 साल पूरा कर लेने वाले कैदियों की रिहाई की इजाजत देती है।लेकिन नीति जो भी गुंजाइश छोड़ती हो गुजरात सरकार को फैसला अपने विवेक से करना था। और, सरकार चाहती तो अपने विवेक का इस्तेमाल दूसरी तरह से भी कर सकती थी। इसके ठोस आधार मौजूद थे। लक्ष्मण नासकर बनाम केंद्र सरकार मामले में सुप्रीम कोर्ट का ही फैसला है कि माफी देने से पहले सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि अपराध एक खास व्यक्ति के खिलाफ है जिसका समाज के व्यापक हिस्से पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला। इस मामले में अपराध का जो खौफनाक स्वरूप है- कुछ महिलाओं और इस विक्टिम की तीन साल की बेटी सहित 14 लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया था और फिर प्रेग्नेंट विक्टिम के साथ गैंगरेप किया गया था- उसे देखते हुए लक्ष्मण नास्कर केस यहां पूरी तरह प्रासंगिक था।

# पंडित रविन्द्राचार्य की सटीक भविष्यवाणी होने पर जांगिड़ परिवार ने किया सम्मान

**चौमूं (हमारा वतन)।** अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य अपनी सटीक भविष्यवाणियों से प्रसिद्ध हैं । एक बार फिर से भविष्यवाणी सटीक होने पर चौमूं शहर के जांगिड़ परिवार ने अपने घर बुलाकर मान सम्मान प्रदान किया । इस दौरान जांगिड़ परिवार ने पंडित रविन्द्राचार्य को माला, दुपट्टा पहनाकर, मिठाई खिलाकर और दक्षिणा भेंट कर स्वागत सम्मान किया । जांगिड़ परिवार के मुखिया राजेंद्र जांगिड़ ने बताया कि पंडित रविन्द्राचार्य जी ने मेरे बेटे और बेटी की सगाई की भविष्यवाणी की थी, जो तय समय पर हो गई है । महाराज श्री ऐसे ही भविष्यवाणियाँ का लोगों को मार्गदर्शन करते रहें । भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य ने कहा कि



ज्योतिष एक गाइड है और कर्म प्रधान है । इष्ट प्रबल होने पर ही कोई कार्य संपन्न होता है । इस दौरान सरोज देवी,रोहित जांगिड़ और पंडित हरिओम शास्त्री भी मौजूद रहे ।

## राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने किया डॉ. त्रिलोक सोनी को लोक गौरव सम्मान से सम्मानित

**देहरादून (हमारा वतन)।** अभ्युदय वात्सल्यम् संस्था द्वारा नगर निगम देहरादून के सभागार में अखिल भारतीय शैक्षिक नवाचार, प्राकृतिक जैविक कृषि, शिल्प उद्यमी, पर्यावरणीय पर्यटन, आध्यात्मिक विज्ञान समागम 2022 का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वालो को सम्मानित किया गया। पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन, वृहद पौधरोपण तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, गरीब निर्धन बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने, स्कूली शिक्षा से कोई बच्चा छूटे ना प्रवेश के लिए प्रेरित करने के



क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र से पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी को लोक गौरव सम्मान से सम्मानित किया। राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने डॉ. सोनी द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की ।

## ओला ने मूवओएस फीचर्स से लैस नया मास मार्केट एस 1 स्कूटर किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने ऑल न्यू ओला एस 1 स्कूटर लॉन्च किया है। प्रीमियम डिजाइन, बेहतर प्रदर्शन, श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सुविधाओं और नए युग से जुड़ी तकनीक के साथ यह अपनी श्रेणी में सबसे उन्नत स्कूटर बन गया है। 3 केडब्ल्यूएच लिथियम-आयन बैटरी पैक से लैस, ओला एस 1 को 141 किलोमीटर की एआरएआई प्रमाणित रेंज, नॉर्मल मोड पर 101 किलोमीटर की वास्तविक रेंज, इको मोड पर 128 किलोमीटर और स्पोर्ट्स मोड पर 90 किलोमीटर की रेंज हासिल है।



## ईटावा भोपजी के साईं मंदिर में जन्मदिन पर हुआ भव्य कन्या प्रसादी का आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के ग्राम ईटावा भोपजी स्थित श्री शिरडी साईं मंदिर में साईं भक्त अमित अग्रवाल चौधरी द्वारा अपने जन्मदिन पर भव्य कन्या प्रसादी का आयोजन किया गया । कन्या प्रसादी का आयोजन शिरडी शिरडी साईं मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत के सानिध्य में किया गया । साईं भक्त अमित अग्रवाल ने बताया कि लोग अगर अपने जन्मदिन को सेवा कार्य कर मनाएंगे तो समाज को एक नई दिशा और दशा मिलेगी । सभी कार्य कमलेश जी महाराज सांगानेर के आशीर्वाद से संपन्न हो रहे हैं । इस दौरान सालिग राम अग्रवाल, अरुण पटवारी, गोपाल बजाज, योगिता पटवारी, सोनिया अग्रवाल, मुन्नी देवी, तुषार अग्रवाल, तनीष अग्रवाल, विमला देवी, सीमा, रेनू, पंकज भूपेंद्र सिंह नाथावत, जितेंद्र सिंह नाथावत,काना टेलर,सूरदास,अंजलि नाथावत,आयुषी नाथावत,अनुष्का नाथावत,नवदीप सिंह नाथावत आदि लोग मौजूद रहे ।

## जिलाध्यक्ष अजय चौहान का मनाया जन्मदिन



**जालोर (हमारा वतन)।** राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अजय चौहान का 15 अगस्त को अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया गया। सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों ने जन्मदिवस पर शुभकामनाएँ दी। इस मौके पर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारीसोहनलाल, प्रवीण माथुर, सहायक प्रशासनिक अधिकारी-अनिल कुमार, नारायणलाल सोलंकी, उम्मेदाराम, हेमाराम माली, नारायणलाल सिसोदिया, रफिक मोहम्मद, मादाराम गर्ग, प्रकाश प्रजापत, वरिष्ठ सहायक-गोपाल सिंह, शहनवाज खांन, सुरेंद्र सिंह, चेतन माली, कनिष्ठ सहायक-दीनाराम,धीरूसिंह, अरूण कुमार भट्ट, कमलेश कुमार माली, मुरलीधरन, भगवानाराम, ओमप्रकाश खत्री, तकनीकी कर्मचारी-रमेश कुमार, लच्छीराम माली, हनिफ खां, लादूराम देवासी, पेपी बाई, लालसिंह, आदि ने दी जन्मदिवस की शुभकामनाएं।

# जीआईसी और ओम साई किड्स एकेडमी में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**जयपुर (हमारा वतन)।** तिगरिया रोड निवाना स्थित जीआईसी और ओम साई किड्स एकेडमी में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया । एकेडमी के चेयरमैन और पूर्व पार्षद हनुमान सहाय दुसाद ने बताया कि अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई । स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जन समूह का मन मोह लिया । समारोह के दौरान गार्गी पुरस्कार प्राप्त करने वाली बालिकाओं का सम्मान भी किया गया । ग्रामीण क्षेत्र की बच्चियों को आगे बढ़ाने के लिए स्वतंत्रता दिवस पर अतिथि के रूप में अधिकतर महिलाओं को ही आमंत्रित किया गया था, ताकि उनसे प्रेरित होकर आगे बढ़ सके । समारोह में अनेक महिला डॉक्टर और



जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही । आरके कुमावत ने प्रभावी मंच सञ्चालन किया । स्वतंत्रता दिवस समारोह में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोविंदगढ़ राम सिंह मीणा,स्त्री रोग विशेषज्ञ मंजू यादव सिद्धि विनायक हॉस्पिटल चौमूं , सुनीता यादव सहायक कृषि अधिकारी, देवथला सरपंच कोयली देवी दुसाद, तिगरिया सरपंच दीप्ति शर्मा, नींदोला सरपंच, ईटावा सरपंच ममता बराला, हरफूल कुमावत पंचायत समिति सदस्य, रामस्वरूप कुमावत , अनिल कुमावत, डॉक्टर रूपा यादव, अशोक कुमावत कृषि सहायक, श्रवण यादव डॉक्टर, शिक्षक राम नारायण यादव आदि लोग मौजूद रहे ।

## मोरीजा सरपंच मंगल चंद सैनी के सानिध्य में हुआ वृक्षारोपण

**जयपुर (हमारा वतन)।** हरित पखवाडे के अंतर्गत ग्राम पंचायत मोरीजा सरपंच मंगल चंद सैनी के सानिध्य में बस स्टैंड स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल ग्राउंड व राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय के परिसर में वृक्षारोपण किया गया । सरपंच मंगल चंद सैनी ने कहा की हरियाली ही खुशहाली लेकर आती है एवम पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ अवश्य लगाने चाहिए व लगाए गए पेड़ो का संरक्षण भी करना चाहिए । इस अवसर पर



अनुपम आत्रेय ने कहा की कोरोना के समय ऑक्सीजन के लिए हमें जूझना पड़ा था इसलिए केवल पेड़ पौधे ही ऑक्सीजन की आपूर्ति कर सकते है इसलिए हमें अधिकाधिक वृक्षारोपण करना चाहिए। इस दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य कैलाश जिंगोनिया, राजकीय वरिष्ठपाध्याय संस्कृत विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश शर्मा, समाज सेवी अनुपम आत्रेय, अशोक कुमार मीणा, व्याख्याता मुकेश मीणा हाटवाल, कैलाश सेठी, लीलाधर शर्मा, गिरिजा शंकर शर्मा, कैलाश कुमावत, बनवारी लाल शर्मा, शारीरिक शिक्षक विक्रम मीणा, सांवर मल जड़वाल, अक्षय कुमावत आदि ने बच्चों के साथ पौधों के संरक्षण के संकल्प के साथ वृक्षारोपण किया ।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा